सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 13 | अजमेर, गुरुवार 25 दिसम्बर 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4


**नागौर के मेड़ता में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन**

# राजस्थान सरकार मजदूर, किसान, महिला और युवा के उत्थान के लिए संकल्पित : भजनलाल शर्मा

नागौर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार को मजदूर, किसान, महिला और युवा के उत्थान के लिए संकल्पित बताते हुए कहा है कि वह प्रदेश के विकास के लिए रोडमैप बनाकर काम कर रही है और वह चाहती हैं कि युवा रोजगार प्रदाता भी बने तथा शीघ्र ही युवा पॉलिसी भी लाई जायेगी। शर्माराज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को नागौर जिले के मेड़ता के डांगावास में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के विकास के लिए रोडमैप बनाकर कार्य कर रही है और पानी की प्राथमिकता को समझते हुए हमने रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, गंगनहर की मरम्मत जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। साथ ही कुसुम-ए एवं कुसुम-सी में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है।उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय युवाओं के साथ धोखा हुआ तथा पेपरलीक जैसे प्रकरण हुए। हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ है। अब तक 92 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और शीघ्र ही 20 हजार नियुक्तियां और दी जाएंगी, तथा एक लाख 53 हजार



नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं। हमारी सरकार युवाओं को पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियां देगी। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के माध्यम से 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपए के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की जा चुकी है। हम चाहते हैं कि युवा रोजगार प्रदाता भी बने तथा हम शीघ्र ही युवा पॉलिसी भी लाने जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश-प्रदेश में हमारा किसान आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा किसान हितैषी निर्णयों से उनका सशक्तीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार गरीब, युवा, किसान और महिला समेत प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने नागौर जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग दो हजार 900 करोड़ रुपये की राशि



डीबीटी के माध्यम से अंतरित की है तथा दो हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि के विकास कार्य भी कराए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को आगे बढ़ाने एवं उनके सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एवं अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों के सम्मान एवं सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य किए हैं। वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जैसी योजना से देश में लाखों किलोमीटर सड़कों का निर्माण कर गांवों को सड़कों से जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है।जिले में लखपति दीदी, वृद्धजन पेंशन योजना जैसी अनेक योजनाओं से जिले को लाभान्वित किया जा रहा है। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है तथा इसमें किसी भी तरह की छेड़खानी नहीं होने दी जाएगी।इस अवसर पर राज्य के कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर किसान हितैषी निर्णय ले रही है। राज्य सरकार ने किसान सम्मान निधि की राशि में बढ़ोतरी, 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली जैसे अनेक किसान हित में निर्णय लिए हैं। तथा नकली खाद, नकली बीज और नकली पेस्टीसाइड बनाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, राजस्व राज्यमंत्री विजय चौधरी, किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, सांसद महिमा कुमारी, विधायक लक्ष्मण राम कलरू, अजय सिंह किलक एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## कांग्रेस लोगों को अफवाहें फैलाकर चाहती है बहकाना


नागौर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस नेताओं के अरावली पर्वतमाला को लेकर दिए बयानों पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस के लोग लूट एवं झूठ तथा लोगों को बहकाने की बात करते हैं और इनके पास धरातल पर तो कुछ रहा नहीं, ये लोगों को अफवाहें फैलाकर के बहकाना चाहते हैं।शर्मा मंगलवार को नागौर जिले में मेड़ता के डांगावास में आयोजित किसान सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि गहलोत को जरा अपने पेपरों एवं अपने उन कर्मों को देख लेना चाहिए। वर्ष 2002 और 2003 में आपने क्या किया-आपने क्या परिभाषा बनाई, वर्ष 2009 और 2010 में आपने क्या परिभाषा बनाई। हम तो गिरिराज जी के भगत है, हम गिरिराज जी को पूजते है।उन्होंने कहा कि 551 दिन खनन मामले को लेकर साधु-संतों ने धरना दिया, विजयादास बाबा की जिनकी बाद मे मृत्यु हो गई, आपने कुछ नहीं किया। हमने तो वर्ष 2005 में ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा का खनन होता था तो उसका भी विरोध किया था और वहां लीज को कैंसिल किया। शर्मा ने फिर दोहराया कि अरावली पर्वतमाला से किसी भी तरह से कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

# मोदी मेड मुख्यमंत्री ने अपनाया मोदी का मार्केटिंग फंडा


## राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन : फ्री पेट्रोल डीजल के कूपनों की बंदरबांट

सन्तोष खाचरियावास

अजमेर। मारवाड़ी में कहते हैं, जितरा की बीनणी कोनी बितरा को बीजणो...मोदी सरकार ने जब जीएसटी रिफॉर्म लागू किया था, तब आमजन को जितने की राहत नहीं दी, उससे ज्यादा तो यह प्रचारित करने पर खर्च कर दिए थे कि हमने जीएसटी कम किया है। अब अपने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी हैं तो 'मोदी मेड' ही, लिहाजा वे भी मोदी स्टाइल में जमकर मार्केटिंग कर रहे हैं। जितने का माल नहीं, उससे ज्यादा मार्केटिंग पर खर्च करना अब रिवाज जो बन गया है।राज्य सरकार अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रही है, आए दिन जगह जगह सीएम की रैलियां हो रही हैं। मंगलवार को मेड़ता (नागौर) में राज्य स्तरीय किसान हुआ। चूंकि सीएम साहब का कार्यक्रम था, इसलिए राज्यभर से किसानों की भीड़ मेड़ता लाई गई।इसके लिए आरटीओ ने सैकड़ों बसों का इंतजाम किया तो डीएसओ ने उन बसों-कारों के लिए मुफ्त पेट्रोल-डीजल और रसद का। बसों-कारों के लिए दिल खोलकर कूपन बांटे गए। किसी को 20-40 लीटर तो किसी 70 से 100 लीटर। किसी भी पम्प पर कूपन देकर पेट्रोल-डीजल भरवा लो।डीएसओ ने पेट्रोलियम कम्पनियों के सेल्स ऑफिसर्स को फरमान भेजा और सेल्स ऑफिसर्स ने अपने




डीलर्स को...कोई भी कूपन के बदले पेट्रोल डीजल भरने से मना नहीं करेगा।किसान सम्मेलन की आड़ में जमकर पेट्रोल डीजल के कूपनों की बंदरबांट हो गई। बाद में ये कूपन दिखाकर जब पेट्रोल पम्प संचालक आरटीओ के यहां बिल पेश करेंगे तो बदले में जिला प्रशासन उन्हें धक्के खिलाएगा...ऐसा पिछली बार जयपुर में साल 2024 में हुई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली और इस साल हुई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली के वक्त भी हो चुका है। कई पम्प वाले अब तक भुगतान के लिए चक्कर लगा रहे हैं।पिछले महीने ही 24 नवम्बर को राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन यानी आरपीडीए ने पूरे ठसके के साथ जिला कलक्टरों को ज्ञापन देकर बकाया भुगतान कराने की मांग की, साथ ही आइंदा इन सरकारी प्रपंचों के लिए तेल उधार नहीं देने की चेतावनी भी दी, अब फिर ये चेतावनी धरी रह गई... डीलर्स कूपन लेकर पेट्रोल डीजल भरने




को मजबूर हुए और आरपीडीए पल्ला झाड़ रही है।शहरों-गांवों से डीलर्स अपना काम धंधा छोड़कर अपने-अपने बिल बनाकर पहले आरटीओ ऑफिस पहुंचेंगे, फिर कलेक्ट्रेट के चक्कर काटेंगे। लोकल स्तर पर गांव खेड़ों तक मे कूपन तो बंट सकते हैं लेकिन लोकल स्तर पर भुगतान की व्यवस्था नहीं है।सभी जिलों में जिला स्तर पर तो किसान सम्मेलन हुए ही लेकिन राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन की बात ही अलग थी। हजारों किसानों का रेला बुलाया गया। इन सरकारी आयोजनों पर एक ही दिन में करोड़ों रुपए सरकारी खजाने से खर्च कर दिए गए।घूम-फिरकर यह बोझ उन्हीं किसानों और आमजन की जेब पर पड़ेगा.. क्योंकि सरकार का खजाना इन्हीं से वसूले गए टैक्स से ही भरता है। जनता का पैसा फूंककर जनता को ही बताया जाएगा कि हमारे राज्य में किसान कितने खुशहाल हैं... वाह रे म्हारा भजनलाल जी मौज करा दी रे...!!!

# आयकर रिटर्न में सुधार का एक और मौका

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने आयकर रिटर्न में गड़बड़ी पाए जाने के बावजूद कार्रवाई के बदले उसमें स्वयं सुधार का एक मौका देते हुए ऐसे करदाताओं से 31 दिसंबर तक संशोधित रिटर्न भरने की अपील की है।केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जिन करदाताओं के रिटर्न में रिफंड के गलत दावे किये गये हैं या दावों में खामियां पायी गयी हैं उन्हें एसएमएस और ई-मेल के जरिये सूचित किया जा रहा है। सरकार ने पहले ही संशोधित रिटर्न भरने की समय सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ा दी है।ऐसे में सीधे कार्रवाई करने की बजाय चिह्नित करदाताओं को भी संशोधित रिटर्न भरने का एक और मौका दिया जा रहा है। वे भी 31 दिसंबर तक खामियों को ठीक करते हुए संशोधित रिटर्न भर सकते हैं।उसने बताया कि चिह्नित मामलों में बड़े पैमाने पर राजनीतिक दलों या अन्य धर्मार्थ संस्थाओं को दान दिखाकर रिफंड के दावे किये गये हैं। इनमें कई मामलों में दान स्वीकार करने वाले का पैन नबंर गलत या अवैध पाया गया है।विभाग के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में 21 लाख से अधिक करदाताओं ने पिछले चार आकलन वर्ष के अपने रिटर्न को अपडेट करते हुए 2,500 रुपए का अतिरिक्त कर जमा कराया है। साथ ही आंकलन वर्ष 2025-26 के रिटर्न को 15 लाख से अधिक करदाता संशोधित कर चुके हैं। संशोधन की समय सीमा समाप्त होने के बाद 1 जनवरी 2026 से वे अतिरिक्त शुल्क अदा कर रिटर्न को अपडेट कर सकेंगे।

# अमरोहा में फास्ट फूड के अत्यधिक सेवन से 11वीं की छात्रा की मौत

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में जंक फूड खाने से आंतें खराब होने पर दिल्ली एम्स में भर्ती 11वीं की छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। अमरोहा के मोहल्ला अफगानान निवासी साज़िद खान ने मंगलवार को बताया कि उनकी छोटी बेटी अहाना अमरोहा के गर्ल्स कॉलेज की 11वीं कक्षा की छात्रा थी।28 नवंबर को पेट में तेज दर्द उठने पर उसे चिकित्सकों को दिखाया मगर आराम नहीं मिलने पर 30 नवंबर को मुरादाबाद में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती करा दिया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को दिल्ली आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान एम्स में रेफर कर दिया। तीन दिसंबर की रात में उसका आपरेशन हुआ जहां 21 दिसंबर को इलाज के दौरान हालत और बिगड़ गई। चिकित्सकों ने उसे बचाने के काफी प्रयास किए मगर रविवार की रात अहाना की मौत हो गई। लाड़-प्यार में पली आहाना को बचपन से घर में बने खाने के बजाय जंक फूड खाने का बहुत शौक था। पैकेट में मिलने वाली नमकीन पिज्जा, बर्गर, चाऊमिन और मैगी नूडल्स के खाने से उसकी आंतें खराब हो गईं और उनमें छेद हो गया था जिस वजह से उसे बचाया नहीं जा सका।

## सम्पादकीय

### जानलेवा प्रदूषण सरकारों की शर्मनाक नाकामी

भारत की वायु में जहर घुल चुका है। हाल ही में चिकित्सा जनरल में प्रकाशित एक अध्ययन ने यह निष्कर्ष दिया है कि 2010 की तुलना में 2022 में हवा में जानलेवा साबित होने वाले पीएम 2.5 कणों की मात्रा 38 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस वृद्धि का परिणाम यह हुआ कि भारत में सत्रह लाख से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण हुई। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं बल्कि मानवता की उस सांस का हिसाब है जो हमारे शहरों गांवों और जीवन से हर दिन छीनी जा रही है। प्रदूषण अब केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं रह गया है यह हमारे विकास अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के ढांचे पर गहरी चोट कर रहा है। यह भी सहज ही समझा जा सकता है कि 2022 की तुलना में अब वायु प्रदूषण ने और गंभीर रूप लेते हुए जानलेवा हो गया है क्योंकि बीते तीन वर्षों में इस समस्या के समाधान के लिए ठोस उपाय किए ही नहीं गए। इसका प्रमाण यह है कि इन दिनों दिल्ली समेत देश के अनेक शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। यह न केवल सरकार की शर्मनाक नाकामी है बल्कि भयावह और बेहद दर्दनाक भी है।द लेंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ ऐंड क्लाइमेट चेंज 2025 रिपोर्ट केवल तथ्य नहींए एक गंभीर चेतावनी है। लैंसेट की रिपोर्ट ही नहीं अलग.अलग वर्षों में विभिन्न संस्थाओं के अध्ययनों ने भी कुछ इसी तरह के चिन्ताजनक आंकड़े पेश किए हैं। भारत की विशाल आबादी के कारण भी यह संख्या बड़ी हो सकती हैए मगर यह समस्या गंभीर चिंतन और तत्काल निवारक कदम उठाए जाने की मांग करती है। भारत में प्रदूषण केवल औद्योगिक उत्पादन या वाहनों की बढ़ती संख्या से नहीं बल्कि हमारी जीवनशैली असंतुलित शहरीकरण और अनियोजित निर्माण से भी बढ़ रहा है। हर शहर में धूलए धुआं और अव्यवस्था की परतें जमी हैं। निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल खेतों में पराली जलाने की आदत घरेलू ईंधनों का अंधाधुंध उपयोग और बढ़ते वाहनों की भीड़.ये सब मिलकर वातावरण को घुटनभरा एवं जानलेवा बना रहे हैं। हमारे शहर अब सांसों के शत्रु बन गए हैं। बढ़ते प्रदूषण की पीड़ा नीति.निर्धारकों से नहींए उन लोगों से पूछिए जो खांसते.खांसते बेदम हो जाते हैं और आखिरकार कई के फेफड़े.हृदय उनका साथ देना बंद कर देते हैं। विडंबना यह है कि इनमें से ज्यादातर उस गलती की सजा भुगतने को अभिशप्त हैंए जो उन्होंने नहीं की।

वायु में मौजूद सूक्ष्म कण अब हर सांस में जहर बनकर प्रवेश कर रहे हैं। इस प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता है। कोयलाए पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों ने न केवल हवा को जहरीला बनाया है बल्कि हमारे अस्तित्व की नींव को भी कमजोर कर दिया है। इन स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन के कारण लाखों लोग असमय काल के ग्रास बन रहे हैं लेकिन ऊर्जा नीति में सुधार की गति अत्यंत धीमी है। सरकारें बार.बार स्वच्छ ऊर्जा की बात करती हैं योजनाएं बनाती हैं लक्ष्य घोषित करती हैंए पर उनका क्रियान्वयन न के बराबर होता है। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि इस प्रदूषण के शिकार सबसे अधिक वे लोग हैं जो इसके निर्माता नहीं हैं। गरीब मजदूर झुग्गियों में रहने वालेए बच्चे और बुजुर्ग.ये सभी उस वायु के दंश झेल रहे हैं जिसका लाभ अमीरों ने उठाया है। एक ताजा अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसारए अमीर तबके का प्रदूषण में योगदान अत्यधिक है। पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की ष्जलवायु असमानता रिपोर्ट 2025ष् बताती है कि विश्व के सबसे धनी लोग अपनी संपत्ति और निवेशों के माध्यम से जलवायु संकट को बढ़ा रहे हैं। वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के 41 प्रतिशत के लिए निजी पूंजी जिम्मेदार है।

## भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का पटना में भव्य स्वागत, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के मंगलवार को पटना आगमन पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्टेट हैंगर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका अभिनंदन किया, जिसके बाद पटना एयरपोर्ट से बेली रोड होते हुए मिलर हाई स्कूल ग्राउंड तक विशाल रोड शो का आयोजन किया गया।रोड शो में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, सांसद डॉ संजय जायसवाल, मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल, दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस दौरान नितिन नवीन रथ पर सवार होकर समर्थकों का अभिवादन करते नजर आए। उन्होंने राजवंशी नगर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना भी की, जहां भाजपा कार्यकर्ता भारी उत्साह के साथ जय श्रीराम के नारे लगाते देखे गए।समर्थकों ने जेसीबी से फूलों की बारिश कर माहौल को उत्सवमय बना दिया। सड़क पर हाथी और घोड़ों पर सवार भाजपा समर्थक दौड़ लगाते रहे। कई जगहों पर सड़क किनारे बने मंच पर बच्चियों ने पारंपरिक नृत्य के जरिये पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत किया। एयरपोर्ट से लेकर मिलर हाई स्कूल ग्राउंड तक बैनर और पोस्टरों से पूरा इलाका भाजपा के रंग में रंगा नजर आया।इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इसे भाजपा, देश और बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणादायक दिन बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना के आसपास ही नितिन नवीन का जन्म हुआ था, जो एक ऐतिहासिक संयोग है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में नितिन नवीन के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा पूरी ताकत के साथ जुटी हुई है।

## अटल बिहारी वाजपेयी एक राजनेता नहीं, बल्कि एक गंभीर विचारक थेः भजनलाल



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी को विचार, संस्कार एवं तार्किक दृष्टिकोण के धनी शख्सियत बताया है और कहा है कि उन्होंने राष्ट्र और हमारे विचारों को मजबूत करने में बड़ा काम किया और आज भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं, दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बन चुका है, जो उन्हीं की देन है।

शर्मा मंगलवार रात भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव एवं श्री शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया और वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांवों को जोड़ा, जिससे गांवों में खुशहाली आई तथा गांव तक पहुंच आसान हुई। उन्होंने कहा कि 23 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती है। वाजपेयी और सिंह ने किसानों और मजदूरों के लिए काम किया।

शर्मा ने कहा कि उन्हें भी वाजपेयी के सान्निध्य में रहकर करीब से जानने का मौका मिला। मां भारती को लेकर उनकी भावनाओं में राष्ट्रप्रेम और विचारक की दृष्टि समाहित थी।इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ प्रेमचंद बैरवा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, मंजू शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधि और श्रोता मौजूद थे।

## अरावली मुद्दे को लेकर केन्द्र एवं राज्य सरकार के विरुद्ध किया जाएगा आंदोलन - गोविन्द सिंह डोटासरा



जयपुर। राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केन्द्र एवं राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर अरावली पर्वतमाला को खनन माफिया के हवाले करने का षड्यंत्र करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अरावली पर्वतमाला के मुद्दे को लेकर जनता के समक्ष जनजागरण करेगी और दोनों सरकारों के विरुद्ध आन्दोलन किया जाएगा।डोटासरा ने मंगलवार को यहां प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश के 19 जिलों में अरावली पर्वतमाला के मुद्दे पर जबरदस्त आक्रोश है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निर्णय लिया है कि अरावली पर्वतमाला को खत्म करने की साजिश सफल नहीं होने दी जाएगी। जनता के समक्ष कांग्रेस पार्टी जनजागरण करेगी और भाजपा की केन्द्र एवं राज्य सरकार के विरुद्ध आन्दोलन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर अरावली पर्वतमाला की रक्षा का अभियान चलाएगी। आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी की सभी जिला कांग्रेस कमेटियां, मण्डल, बूथ और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में कांग्रेस कार्यकर्ता जनजागरण अभियान अपने-अपने क्षेत्रों में चलाएंगे, अरावली को समाप्त करने के षडयंत्र के विरोध में प्रदर्शन करेंगे और उसके पश्चात प्रदेश कांग्रेस कोर्डिनेशन कमेटी की बैठक कर कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं से सलाह मशविरा किया जाकर अरावली बचाने के लिए एक वृहद अभियान की कार्य योजना तैयार की जाएगी।उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला को खनन माफिया के हवाले करने के षडयंत्र बना है, इस पर जवाब भाजपा की सरकार को देना होगा और प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा देश के प्रधानमंत्री जब तक इस मुद्दे पर संतोषजनक जवाब नहीं देंगे, इस निर्णय को बदलने के लिए कदम नहीं उठाए जाएंगे, तब तक कांग्रेस पार्टी सबको साथ लेकर जन आन्दोलन चलाएगी।

अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिये कांग्रेस पार्टी दृढ संकल्प है और भाजपा के नेता जो सनातन के नाम पर केवल वोट मांगने का काम करते हैं उन्हें जनता के समक्ष पूरी तरह से एक्सपोज करने का कार्य कांग्रेस कार्यकर्ता करेंगे।डोटासरा ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी है, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना, स्वायत्तशासी संस्थाओं का खत्म करना और विभिन्न तरह के माफियाओं को लाभ पहुंचाने की नीति भाजपा की रही है। देश में आज संगठित रूप से देश की सम्पदाओं को लूटने का कार्य किया जा रहा है।नए मामले में अरावली पर्वतमाला को लूटने का षडयंत्र भाजपा ने पूरा कर लिया है, जो रिपोर्ट उच्चत्तम न्यायालय में केन्द्र सरकार ने दबाव में दिलवाई है उसके पश्चात स्पष्ट हो गया है कि राजस्थान की जीवन रेखा अरावली पर्वतमाला के 90 प्रतिशत हिस्सा जो न सिर्फ रेगिस्तान के विस्तार को रोकने में सहायक है, धूल भरी आंधियों से बचाव करती है, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में सहायक है और प्रदेशवासियों के लिए आस्था का केन्द्र है, इसे नष्ट करने का कार्य भाजपा की सरकार ने किया है।

## एनआईए अदालत ने दिया 'भगोड़े' गुलाम नबी शाह की संपत्ति कुर्क करने का आदेश



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बडगाम जिले की एक अदालत ने अवैध गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत भगोड़े घोषित किये जा चुके गुलाम नबी शाह उर्फ डॉ फई की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है।अभियोजन पक्ष ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 83 (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 85) के तहत फई की संपत्ति इस आधार पर कुर्क करने की मांग की थी कि अदालत ने अप्रैल में उसे प्राथमिकी संख्या 46/2020 के संबंध में भगोड़ा घोषित किया था। फई के ऊपर यूएपीए की धारा 10, 13 और 39 के तहत मामला चल रहा था।अभियोजन पक्ष ने फई की निजी संपत्ति कुर्क करने की मांग की है जिसमें बडगाम जिले के वडवान गांव में एक कनाल और दो मरला और चट्टाबुघ गांव में 11 मरला जमीन शामिल है।विशेष न्यायाधीश (एनआईए) बडगाम याहया फिरदौस ने आदेश में कहा कि यह अदालत रिकॉर्ड से संतुष्ट है कि आरोपी को जांच अधिकारी के सामने पेश होने का मौका दिये जाने के बावजूद उसने जानबूझकर खुद को छिपाया है, इसलिए यह अदालत सीआरपीसी की धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी करने के लिये मजबूर है।आदेश में लिखा गया कि यह अदालत जिला कलेक्टर बडगाम को गांव वडवान में खेवट नंबर 60, सर्वे नंबर 466 के तहत एक कनाल और दो मरला जमीन एवं गांव चट्टाबुघ में खेवट नंबर 136 सर्वे नंबर 343 के तहत 11 मरला जमीन की अचल प्रॉपर्टी कुर्क करने और तुरंत कब्जा लेने का निर्देश देता है।अदालत ने कुर्क करने की कार्रवाई शुरू करने से पहले बडगाम के जिला कलेक्टर को संबंधित संपत्ति की सही पहचान और सीमांकन के लिए राजस्व अधिकारियों से मदद लेने का निर्देश दिया। अदालत ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), बडगाम को आदेश दिया कि अगर जरूरत हो तो कुर्की प्रक्रिया के दौरान जिला कलेक्टर को जरूरी मदद दी जाए।फई लंबे समय से कश्मीर में अलगाववादी नेताओं से जुड़ा रहा है। वह 1977 में पढ़ाई के लिए अमरीका चला गया और बाद में अमरीकी नागरिकता ले ली। फई वर्ल्ड फोरम फॉर पीस एंड जस्टिस का चेयरमैन है।

# श्रीगंगानगर में अवैध संबंधों के चलते पति ने की पत्नी की गला घोंटकर हत्या



श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक महिला की मौत की गुत्थी सुलझाते हुए मृतका के पति को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि पूजा उर्फ बबली (45) की हत्या उसके पति छिंद्रपाल धाणक ने ही गला घोंटकर की थी। आरोपी के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध थे, जिसका विरोध करने पर उसने पत्नी की जान ले ली और सुबूत मिटाने के लिए शव डिग्गी में डाल दिया।

उन्होंने बताया कि आठ दिसम्बर को शाम करीब छह बजे छिंद्रपाल और पूजा के बीच एक महिला को लेकर तीखी बहस और झगड़ा हुआ। घर पर उस समय कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। झगड़े के दौरान छिंद्रपाल ने पूजा की गला दबाकर हत्या कर दी और शव आंगन में बनी पानी की डिग्गी में फेंक दिया।

डॉ. दुहन ने बताया कि हालांकि छिंद्रपाल ने इसे आत्महत्या बताया, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटना बताया गया। उल्लेखनीय है कि आठ दिसम्बर को घर में बनी पानी की डिग्गी में पूजा का शव बरामद हुआ था।

# अंता में डिवाइडर पर सो रहे दो किसानों को बस ने कुचला, मौके पर मौत

बारां। राजस्थान में बारां जिले के अंता थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सोमवार देर रात डिवाइडर पर सो रहे दो किसानों को बस ने कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कागला बमोरी गांव निवासी छोटूलाल बैरवा और सोहराम कोटा से धान बेचकर लौट रहे थे। इसी दौरान उनका ट्रैक्टर खराब हो गया। ऐसे में वे ट्रैक्टर को रोककर वहीं डिवाइडर पर सो गए, जबकि उनके साथ मौजूद रामकरण बैरवा पास में बीड़ी पी रहा था।पुलिस ने बताया कि उसी समय देर रात कोटा की ओर से आ रही निजी ट्रेवल की स्लीपर बस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद डिवाइडर पर सो रहे छोटूलाल और सोहराम बस की चपेट में आ गए और बुरी तरह कुचल गए।

पुलिस ने बताया कि घने कोहरे के कारण बस चालक को ट्रैक्टर दिखाई नहीं दिया। पुलिस ने शव अस्पताल पहुंचाए, जहां पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए।

# धौलपुर में ई-मित्र संचालक से 11 लाख की ठगी करने का आरोपी अरेस्ट



धौलपुर। राजस्थान में धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र में एक ई-मित्र संचालक से 11 लाख 40 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी अरसद अली खान नामक ठग को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है।पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि अरसद अली खान ने खुद को डॉ पंकज विकास बताते ई-मित्र संचालक से 11 लाख 40 हजार रुपए ठग लिए। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी अरसद अली का सुराग लगाते हुए उसे लखनऊ में दबोच लिया।पुलिस ने बताया कि उससे नौ लाख रुपए बरामद किए गए। इसके अलावा पुलिस ने ई-मित्र संचालक से ठगी गई राशि में से नौ लाख रुपए वापस भी दिलवाए।

# खैरथल-तिजारा के आयकर विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर 4000 रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट



खैरथल-तिजारा। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी में आयकर विभाग में संविदा पर लगे डाटा एंट्री ऑपरेटर सुभाष चन्द्र उर्फ सोनू को एक मामले में चार हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।ब्यूरो के सूत्रों के अनुसार एसीबी चौकी भिवाडी को परिवादी ने शिकायत की कि उसने अपने पुराने पैनकार्ड को बन्द कराने के लिए आयकर विभाग भिवाडी में प्रार्थना पत्र देने पर भिवाडी कार्यालय के कर्मचारी सुभाष चन्द उसका पुराना पैनकार्ड बंद करने के लिए पांच हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं।इस पर एसीबी चौकी भिवाडी ने ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी सुभाष चन्द को परिवादी से चार हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है।

# जैसलमेर में रीको अनुभाग अधिकारी रिश्वत लेते अरेस्ट

जैसलमेर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जैसलमेर में रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में अनुभाग अधिकारी को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि परिवादी ने ब्यूरो की जोधपुर इकाई में शिकायत की कि उनकी भाभी के नाम किशनघाट औद्योगिक क्षेत्र में भूखंड था, जिसे रीको ने वर्ष 2024 में निरस्त कर दिया था।अपील करने पर उसे बहाल कर दिया गया। उक्त भूखंड पर कार्य चालू करवाने और पत्रावली में कागजात ऑनलाइन करने की एवज में रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में अनुभाग अधिकारी भवानी शंकर स्वामी उससे 30 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है।

# बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विहिप, बजरंग दल का प्रदर्शन



नई दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने बांग्लादेश में हिन्दू युवक की पीट-पीटकर हुई हत्या के विरोध में मंगलवार को बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया।बांग्लादेश में छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन भड़क गए थे। इसी दौरान ईशनिंदा की अफवाहों के बीच दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और उसके शव को पेड़ से लटकाकर जला दिया गया था। इस दिल दहला देने वाली घटना के विरोध में विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उच्चायोग के बाहर इकट्ठा हुए और बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस घटना के बाद विहिप और बजरंग दल पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अंतरराष्ट्रीय दखल की मांग कर रहे हैं।इस बीच, नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग ने सोमवार को अनिश्चितकाल के लिए वीजा जारी करना रोक दिया। उच्चायोग के दरवाजे पर लगाए गए एक नोटिस में यह जानकारी दी गई। बांग्लादेश ने सुरक्षा चिंताओं और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने की जरूरत का हवाला देते हुए अगले आदेश तक अस्थायी रूप से सभी सेवाएं निलंबित कर दी हैं।नोटिस में निलंबन के कारण हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया। यह कदम शनिवार को नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद उठाया गया है। बांग्लादेश ने इससे पहले अगरतला में अपने सहायक उच्चायोग में वीजा का काम अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया था। बांग्लादेश का कहना है कि उसने सुरक्षा चिंताओं के कारण नई दिल्ली में उच्चायोग और अगरतला में सहायक उच्चायोग में अपनी कांसुलर सेवाओं और वीजा संचालन को निरस्त किया है।

इससे पूर्व, बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को वीजा सेवाओं के कामकाज का जायजा लेने के लिए ढाका में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र का दौरा किया। वर्मा ने जमुना फ्यूचर पार्क में केंद्र में वीजा आवेदकों से बातचीत की, जिनमें से कई इलाज के लिए भारत जाने के लिए मेडिकल वीजा के लिए आवेदन कर रहे थे।पिछले हफ़्ते 17 दिसंबर को भारतीय उच्चायोग ने उस्मान हादी की गोलीबारी के बाद एक दिन के लिए अपनी वीजा सेवाएं निरस्त कर दी थीं। यह तब हुआ जब जुलाई ओइक्या के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने भारतीय उच्चायोग को घेरने की योजना की घोषणा की थी। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि हादी के हत्यारे भारत भाग गए थे साथ ही वे पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वापसी की मांग भी कर रहे थे।प्रदर्शनकारियों ने शुरुआती पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए थे। बाद में उन्होंने ढाका के गुलशन इलाके में भारतीय उच्चायोग के बाहर धरना दिया। वीजा केंद्र अगले दिन फिर से खोल दिया गया था।इस बीच, भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को कहा कि वह ढाका, खुलना, सिलहट और राजशाही में वीजा केंद्र चलाना जारी रखे हुए है, क्योंकि कई वीजा आवेदक गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए भारत जा रहे हैं। इन मानवीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बदलती सुरक्षा स्थिति के बावजूद वीजा सेंटर खुला हुआ है।

चटगांव में भारतीय सहायक उच्चायोग के दरवाजे पर भीड़ के हमले के बाद चटगांव का भारतीय वीजा आवेदन केंद्र 18-19 दिसंबर की रात से अस्थायी रूप से बंद है। हादी की मौत के बाद प्रदर्शनकारियों ने चटगांव में भारतीय उच्चायोग पर पत्थरबाजी की, जिससे अधिकारियों और परिसर में रहने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं पैदा हुई हैं। ढाका में भारतीय उच्चायोग ने कहा है कि सुरक्षा स्थिति में सुधार के बाद बांग्लादेश में सभी वीजा

# राजनाथ सिंह विवाह समारोह में शामिल होने पुष्कर आए

अजमेर। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को निजी कार्यक्रम में राजस्थान में अजमेर पहुंचे, जहां पुष्कर में आयोजित एक विवाह समारोह में उन्होंने शिरकत की। सिंह दोपहर अजमेर पहुंचे, जहां कुछ देर के लिए रुके और फिर वहां से ब्रह्मा नगरी पुष्कर के लिए रवाना हो गए। उनकी अगवानी के लिए जिला प्रशासन और पुलिस के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। भारी सुरक्षा इंतजाम के बीच उनका काफिला ब्रह्मा नगरी पुष्कर पहुंचा, जहां वह एक रिसोर्ट में आयोजित विवाह समारोह में शामिल हुए और वर वधु को आशीर्वाद दिया। सिंह इस दौरान करीब एक घंटा रुकने के बाद राजधानी दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

# क्रिकेटर यश दयाल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज, गिरफ्तारी की लटकी तलवार



जयपुर। राजस्थान में जयपुर की एक अदालत ने आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु के तेज गेंदबाज यश दयाल की अग्रिम जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी। इससे यशदयाल की गिरफ्तारी की संभावना बढ़ गई है।यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम न्यायालय विशेष न्यायालय ने आदेश में कहा कि प्रारंभिक तौर पर ऐसा नहीं लगता कि आरोपी को झूठे आरोपों में फंसाया गया है। अब तक की जांच में आरोपी के अपराध में शामिल होने के संकेत मिलते हैं, ऐसे में अग्रिम जमानत मंजूर करना उचित नहीं है। यहां की अदालत से याचिका खारिज होने से यह स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली/ जयपुर हाईकोर्ट ने भी गिरफ्तारी पर रोक नहीं लगाई है और पुलिस आगे की पूछताछ और गिरफ्तार करने की कार्रवाई कर सकती है।यह मामला जयपुर के सांगानेर सदर थाने में 23 जुलाई 2025 को दर्ज हुआ था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि यश दयाल ने क्रिकेट में करियर का झांसा देकर और भावनात्मक ब्लैकमेल करते हुए दो वर्ष से अधिक समय तक उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता और आरोपी के मोबाइल फोन काल डिटेल रिकॉर्ड, चैट, फोटो-वीडियो रिकॉर्ड और होटल में ठहरने के रिकार्ड को जांच में शामिल किया गया है। न्यायालय ने यह भी माना कि पीड़िता नाबालिग थी और इस तरह के गंभीर आरोपों के मद्देनजर अग्रिम जमानत मंजूर करना ठीक नहीं होगा।

# Blockchain Venture Capital Inc. Announces Closing of 2025 Fundraising

Toronto, Ontario–(Newsfile Corp. – December 23, 2025) – Blockchain Venture Capital Inc. (CSE: BVCI) (the "Company" or "BVCI") is pleased to announce the closing of its previously announced non-brokered private placement financings, together with the settlement of certain outstanding consulting fees through the issuance of common shares.Closing of 2025 Private PlacementAs previously announced on January 13, 2025, and subsequently updated on August 5, 2025, the Company has completed multiple closings of its non-brokered private placement, raising aggregate gross proceeds of C$470,000 from arm's-length investors.In connection with the closings, the Company




issued an aggregate of: 1,566,667 common shares at a price of C$0.30 per common share; and1,566,667 common share purchase warrants, each exercisable at C$0.35 per share, subject to applicable securities laws and Canadian Securities Exchange ("CSE") acceptance.The net proceeds of the private placement will be used for general working capital purposes and for the repayment and/or refund of prior accounts payable, including accrued interest on outstanding loans.

Consulting services Debt SettlementsThe Company also announces the settlement of certain outstanding consulting fees through the issuance of common shares: ZTBY Consulting and Advisory Ltd., founded by Neil Cui, agreed to settle C$50,000 in outstanding consulting fees through the issuance of 333,333 common shares at a deemed price of C$0.15 per share. Ms. Wenhong Fan agreed to settle outstanding consulting services in the west coast through the issuance of 20,000 common shares at a deemed price of C$0.15 per share.All securities issued in connection with the private placement and the debt settlements are subject to applicable statutory hold periods and CSE





# गुजराती सीनियर सैकंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव 'युग' ने मनमोहा





## सत युग, त्रेता, द्वापर और कलियुग का मंचन

अजमेर। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हिन्दू धर्म के कालखंड यानी चारों युगों का मंचन बुधवार को गुजराती सैकंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव 'युग' में अभिभावकों व दर्शकों को देखने को मिला। नैतिकता और आध्यात्मिकता के क्रमिक गिरावट को दशार्ते चारों युगों की एक विशिष्ट अवधि और सामान्य मानवीय स्थिति को नन्हें कलाकारों ने बखूबी प्रस्तुत किया।नैतिकता, सत्य और आध्यात्मिता के उच्चतम मानकों द्वारा चिन्हित सत युग मेंमानव शुद्ध, गुणी, ईमानदार, प्रकृति तथा एक दूसरे के साथ सदभाव में रहते थे, वे कोई अपराध या छल नहीं करते।त्रेता युग में नैतिकता में थोडी गिरावट के साथ इच्छा, अहंकार और महत्वाकांक्षा का उदय हुआ लेकिन मनुष्य द्वरा ईश्वर से जुडने के लिए किए जाने वाले अनुष्ठान और बलिदान की भी प्रबलता रही।द्वापर युग में पतन, दुख और संघर्ष के उदय के साथ मनुष्य स्वभाव में संदेह, ईर्ष्या और संघर्ष और आध्यात्मिक विकास की तुलना में धन संचय पर अधिक ध्यान क्रेन्द्रित करने की वृति बढती गई।कलियुग यानी वर्तमान युग, जो धर्म यानी सदाचार, अज्ञान और भौतिकवाद के सबसे निचले स्तर से चिन्हित है। मानव स्वभाव बेईमानी, भ्रष्टाचार और नैतिक पतन से भर गया, स्वार्थी के वशीभूत मानव आध्यात्मिक मूल्यों से विमुख हो गया।सचिव राजेश अंबानी ने बताया कि वार्षिकोत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि उपमहापौर नीरज जैन रहे तथा अध्यक्षता अजयमेरू महानगर संघचालक खाजू लाल चौहान ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, अनुशासन, रचनात्मकता और नेतृत्व के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।वंदेमातरम गान, गणेश वन्दना, दीपप्रज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से समारोह का शुभारंभ हुआ। इस दौरान प्री-प्राइमरी उच्च माध्यमिक के विद्यार्थियों ने संगीतमय प्रस्तुतियों, नृत्यों एवं पर्यावरण जागरूकता पर आधारित नाटकों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मुख्य अतिथि व अध्यक्ष ने शैक्षणिक, खेल एवं सह-पाठ्यचर्या क्षेत्रों में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल एवं बोर्ड स्तर व विद्यालय स्तर पर उच्च माध्यमिक व माध्यमिक में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को 2100 व 1500 रुपए नकद राशि देकर प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने शैक्षणिक वर्ष की उपलब्धियों पर वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।इस समारोह में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में चारों युगों का संगम, सत्युग-भगवान विष्णु के दसों अवतारों का दर्शन एवं सतयुग के राजा हरिशचन्द का दान, त्रेतायुग-राम का जीवन दर्शन व शबरी मिलन, द्वापर युग में कृष्ण लीला एवं सत्यभामा द्वारा कृष्ण को दांव पर लगाना व रूकमणी का प्रेम एवं कलयुग में कलकी अवतार द्वारा कलयुग का अन्त और सतयुग का प्रारम्भ की शानदार प्रस्तुति देकर अतिथियों एवं अभिभावकों का मनमोह लिया।इससे पहले श्री गुजराती महामण्डल एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी ट्रस्टी अध्यक्ष चन्द्रकान्त भाई पटेल, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष केएल शर्मा, विद्यालय प्रबंध समिति सचिव राजेश अंबानी, श्री गुजराती महामण्डल अध्यक्ष नितिन कुमार मेहता, मुकेश भाई पटेल, अतुल भाई मेहता तथा प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने राजस्थानी परंपरा के अनुरूप अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों का परिचय केएल शर्मा ने कराया।

### वर्तमान पीढी को देश का चितंन भी करना होगा

अध्यक्षता करते हुए खाजूलाल चौहान ने कहा कि वर्तमान पीढी देश की तकदीर लिखेगी। शिक्षा का क्षेत्र व्यापक रूप ले चुका है। किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के मार्ग पर चलते हुए परिवार, समाज और देश का चितंन भी करना होगा। शिक्षा को सिर्फ धन कमाने का जरिया और सफलता का पैमाना ना माने, बल्कि देश को सशक्त, सक्षम, विकसित और गौरवशाली राष्ट्र बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढें। उन्होंने कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक सदभावना, प्लास्टिक के बहिष्कार तथा पानी का आवश्यक जितना ही व्यय करने का आवहान किया। उन्होंने कहा कि यहां प्रस्तुत सांस्कृतिक और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि यह विद्यालय न केवल मेधावी छात्र तैयार कर रहा है, बल्कि उन्हें एक बेहतर इंसान भी बना रहा है। इसके लिए यह स्कूल संचालित करने वाला गुजराती समाज साधुवाद का अधिकारी है।मुख्य अतिथि महापौर नीरज जैन ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए विद्यालय संचालन करने वाला गुजराती समाज और वे सभी शिक्षकों बधाई के हकदार हैं जिन्होंने इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत की है।

समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID
sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

## भाजपा विधायक की बेटी नायब तहसीलदार कंचन सिंह चौहान एपीओ

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के करेडा में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ कंचन सिंह चौहान को एपीओ (आदेश की प्रतीक्षा में) किया गया हैराजस्व मंडल ने मंगलवार शाम को प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए यह आदेश जारी किया। इसके बाद चौहान अपनी उपस्थिति राजस्व मंडल अजमेर में दर्ज कराएंगी। चौहान के एपीओ करने का कारण फिलहाल प्रशासनिक बताया गया है। ब्यावर के भाजपा विधायक शंकर सिंह रावत की बेटी कंचन चौहान आरएएस-2018 बैच की अधिकारी हैं। उनके चयन के बाद उन पर गंभीर आरोप लगे थे कि उन्होंने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति पाई। शिकायतकर्ता ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री और विशेष ऑपरेशन समूह (एओजी) से की थी। राज्य सरकार ने जांच एसओजी को सौंपी थी, फिलहाल एसओजी ने अपनी रिपोर्ट राजस्व मंडल को नहीं भेजी है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)